# बरसाने में मच रही धूम खुशियां छाई है भजन लिरिक्स

बरसाने में मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं।

दोहा – बरसाने में गजब है मस्ती,
अजब ही खुशियां छाई,
राधे जी के जन्मदिवस पर,
सबने धमाल मचाई है।

---

बरसाने में मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं,
राधे रानी का जन्मदिन आया,
धूम मचाई है।bd।

---

बरसाने की है पावन भूमि,
जहां पर हैं राधा जी जन्मी,
वहां रावल है एक गांव,
लाडो प्रगटाई है,
बरसाने मे मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं।bd।

---

भानु भवन में बजते बाजे,
इसी भवन में राधे बिराजे,
राधा नाम की जय जयकार,
की रटन लगाई है,
बरसाने मे मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं।bd।

---

कीरत मैया लाड लडावे,
भानु बाबा हीरे मोती लुटावे,
देख लाली को हुए निहाल,
बधाई लुटाई है,
बरसाने मे मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा जी की महिमा है न्यारी,
कृष्ण भी जिन पर जाएं बलिहारी,
'श्याम' ने भी सब के संग,
बधाई गाई है,
बरसाने मे मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं।bd।

बरसाने मे मच रही धूम,
खुशियां छाई हैं,
राधे रानी का जन्मदिन आया,
धूम मचाई है।bd।

स्वर एवं लेख – घनश्याम मिढ़ा।
भिवानी ( हरियाणा) 9034121523

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com